छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

दि हितवाद परिसर, अवंति विहार, मुख्यालय – रायपुर

कमांक/स्थापना/2016/1048 रायपुर, दिनांक 23-09-16

//विज्ञापन//

छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड में संविदा आधार पर आगामी 01 एक वर्ष के लिये, जो तीन वर्षो तक बढ़ायी जा सकती है, विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजना अंतर्गत छ.ग. राज्य के समस्त जिलों में उपार्जित चावल, मक्का व अन्य के गुणवत्ता एवं रख रखाव/पर्यवेक्षण संबंधी कार्य हेतु 05 संविदा सहायक प्रबंधक (तकनीकी/गुणवत्ता नियंत्रक) की आवश्यकता है । इच्छुक उम्मीदवार जो निम्न अहर्ता रखते है, वे पूर्ण विवरण सहित अपना आवेदन पत्र **दिनांक 14.10.2016 को सायं 5.00 बजे** तक महाप्रबंधक (प्रशासन) छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, मुख्यालय रायपुर को प्राप्त हो जाए।

पात्रता – भारतीय खाद्य निगम/केन्द्रीय भंडार गृह निगम/राज्य भंडार गृह निगम से सहायक प्रबंधक अथवा उप–प्रबंधक (क्वालिटी कंट्रोल) पद से सेवानिवृत्त जिनकी आयु अधिकतम 69 वर्ष से अधिक न हो ।

टीप – संविदा सहायक प्रबंधक (तकनीकी/गुणवत्ता नियंत्रक) पद के इच्छुक आवेदक अपना सम्पूर्ण बायोडाटा, अनुभव प्रमाण पत्र एवं सेवानिवृत्ति आदेश की प्रति सहित **दिनांक 14.10.2016 को सायं 5.00 बजे** तक महाप्रबंधक (प्रशासन) के नाम से आवेदन पंजीकृत डाक से प्राप्त हो जाए।

1. वर्तमान में खींचा गया स्पष्ट पहचान वाला पासपोर्ट साईज का एक फोटोग्राफ आवेदन पत्र पर अच्छी तरह से चिपकाया जाये ।
2. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जाएंगे।
3. किसी भी आवेदन पत्र को मान्य/अमान्य करने संबंधी समस्त अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित होगा ।

23/9/16

महाप्रबंधक (प्रशासन)